अमर उजाला 09/04/2026

छात्राओं के अंग्रेजी कौशल को किया विकसित

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहबाद और एसएमएस खालसा लबाना कॉलेज, बराडा की छात्राओं के लिए आयोजित की गई। इसका उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्राओं के अंग्रेजी कौशल को विकसित करना था। कार्यशाला में डॉ. कमलेश कुमारी और डॉ. ज्योति सौरोत ने व्याकरण, शब्दावली और समय प्रबंधन की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने छात्राओं को समाचार पत्र पढ़ने और संवाद कौशल सुधारने की सलाह दी। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अंग्रेजी को अनिवार्य बताते हुए इस पहल की सराहना की। संवाद